## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–11.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से भारत ऊर्जा सप्ताह का किया उद्घाटन, कहा – भारत गैर–जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता में पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने वाला पहला जी–20 देश।**
2. **आदिवासी क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करेगी केंद्र सरकार, केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा देश में मातृ मृत्यु दर घटी।**
3. **रांची में केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा दो दिवसीय सामुदायिक रेडियो कार्यशाला आज से शुरू, सामुदायिक रेडियो स्थापित करने की प्रक्रिया और लाभों पर की गई चर्चा ।**
4. **आज सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर राज्यभर में सुरक्षित और जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग पर आयोजित हुई कार्यशाला।**
5. **पलामू में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेले का हुआ शुभारंभ, सरकारी योजनाओं के स्टाल लगे, मेले को भव्य बनाने की हुई घोषणा।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले एक दशक में भारत 10वें स्थान से बढ़कर 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। प्रधानमंत्री ने आज भारत ऊर्जा सप्ताह का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश की गैर–जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता तीन गुना बढ़ी है।

*******************

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि सरकार देश के आदिवासी क्षेत्रों में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने के लिए सभी उपाय कर रही है। आज राज्यसभा में यह जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को आदिवासी क्षेत्रों में रहने और चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के कई उपाय किए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल लैंसेट का हवाला देते हुए श्री नड्डा ने कहा कि देश में मातृ मृत्यु दर में गिरावट आई है।

*******************

रांची में केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय और कॉमनवेल्थ एजुकेशन मीडिया सेंटर फॉर एशिया, सीएमका के सहयोग से दो दिवसीय सामुदायिक रेडियो कार्यशाला आज शुरू हुई। कार्यशाला में सामुदायिक रेडियो स्थापित करने की प्रक्रिया और इसके लाभों पर चर्चा की गई। अपर निदेशक राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि सरकार, तकनीकी और पूंजीगत सहायता भी प्रदान करेगी। सामुदायिक रेडियो विशेषज्ञ श्रीधर रामामूर्ति ने झारखंड में इसकी अहमियत पर जोर दिया।

*******************

रांची वॉर मेमोरियल में आज पूर्वी कमान अलंकरण समारोह की पूर्व संध्या पर शौर्य संध्या का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में लेफ्टिनेंट जनरल राम चन्द्र तिवारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थे। मद्रास बटालियन के जवानों ने कलरीपायट्टु, पूर्वोतर राज्य के असम रेजिमेंट सेन्टर के जवानों ने मार्शियल आर्ट, और सिख रेजीमेंट के जवानों ने गटका जैसे पारंपरिक भारतीय युद्ध कला का प्रदर्शन किया । झारखंड के एक दल ने पाईका नृत्य का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही आर्मी बैंड ने सुनो गौर से दुनिया वालों, गलवान के शेर और जय हो जैसे धुनों पर शानदार गीत सुनाये। इसके साथ ही आतिशबाजियों का भी मनमोहक प्रदर्शन किया गया।
इस अलंकरण समारोह के दौरान कल वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से कुल 42 विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

*******************

आज सुरक्षित इंटरनेट दिवस हैद्य इस अवसर पर राज्यभर में सुरक्षित और जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग पर कार्यशालाएं आयोजित हुई द्य लोहरदगा जिले में एनआईसी टुगेदर फॉर अ बेटर इंटरनेट डे विषय पर कार्यशाला आयोजित की। मौके पर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट उपयोग के दौरान निजी जानकारी साझा करने से बचना जरूरी है। इसके अलावा कोडरमा, चतरा, रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, साहिबगंज, गिरिडीह में भी इस मौके पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

*******************

राज्य के भू–राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने आज विभागीय समीक्षा बैठक में मॉडर्न रिकॉर्ड रूम की खामियों को दुरुस्त करने और खतियान की स्पष्ट स्कैनिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी कारणों का हवाला देकर रैयतों के आवेदन अस्वीकार करने वाले अंचल अधिकारियों पर कार्रवाई होगी और सीओ को आवेदन रिजेक्ट करने पर 50 शब्दों में ठोस कारण बताना अनिवार्य होगा।

*******************

झारखंड में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना और अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना की नई बीमा अवधि आज से लागू कर दी गई। इसके तहत राज्य के 66 लाख से अधिक राशन कार्डधारी परिवारों को लाभ मिलेगा, और सभी सूचीबद्ध अस्पतालों में निःशुल्क इलाज की सुविधा जारी रहेगी।

*******************

साहिबगंज में मैट्रिक इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम को बेहतर करने का प्रयास किया गया है।

*******************

कल माघी पूर्णिमा पर होने वाले अमृत स्नान से पहले प्रयागराज महाकुंभ में तैयारियां जोरों पर हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा श्रद्धालुओं को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने और प्रभावी यातायात प्रबंधन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

*******************

पलामू जिले में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला आज शुरू हुआ, जिसका उद्घाटन कल्याण मंत्री चमरा लिंडा और वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने किया। पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा आयोजित इस मेले में सरकारी योजनाओं से जुड़े कई स्टाल लगाए गए हैं। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने आदिवासी हित में चल रही योजनाओं पर जोर दिया, जबकि वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने मेले को और भव्य बनाने की बात कही।

******समाप्त************